हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 20 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री से.
न्यूनतम 30.0 डिग्री से.

10 सैकड़ों लोग भगवान जगन्नाथ के रथ का ...



10 मुकेश जिला प्रधान और अनीता बनी कोषाध्यक्ष



## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल के साथ युवक चढ़ा पुलिस हत्थे

**जींद।** शहर थाना सफीदों पुलिस ने सब्जी मंडी के निकट नहर पटरी से एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। शहर थाना सफीदों पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। शहर थाना सफीदों पुलिस कर्मी नहर पटरी पर गश्त कर रहे थे। उसी दौरान एक युवक पुलिस कर्मियों को देख कर तेजी से सब्जी मंडी की तरफ जाने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस ने युवक को रोक कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद हुआ।

### रंजिशन हमला करने पर 4 के खिलाफ केस

**जींद।** गांव बडनपुर में रंजिशन घर में घुस कर हमला कर चार लोगों को घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने चार लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बडनपुर निवासी गोबिंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका कुछ दिन पहले खेत में पानी देने को लेकर बलवान परिवार से विवाद हो गया। बाद में पंचायती तौर पर समझौता भी हो गया। गत दिवस शाम को उसके परिवार के लोग घर में बैठे हुए थे। उसी दौरान बलवान परिवार के लोग घर में घुस आए और हमला कर दिया।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी चोरी

**जींद।** गांव गुरथली में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोने व चांदी के जेवरात, नकदी तथा घरेलू सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव गुरथली निवासी नसीब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार समेत गांव बेलरखां परिवारिक कार्यक्रम में गया हुआ था। पीछे से चोरों ने उसके मकान का ताला तोड़ कर सोने, चांदी के जेवरात, पांच हजार की नकदी, बैटरी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### व्यक्ति से मारपीट करने पर तीन नामजद

**जींद।** गांव थुआ ने रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर अलेवा थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव थुआ निवासी सुखबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी नफे परिवार से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते गत दिवस नफे परिवार ने उसे रास्ते में घेर लिया और हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। अलेवा थाना पुलिस ने सुखबीर की शिकायत पर रोहताश, जग्गा, पप्पू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हमला कर बाइक सवार को किया घायल

**जींद।** सफीदों में बाइक सवार युवक का कार सवार युवकों ने रास्ता रोक कर तेजधार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने घायल की शिकायत पर पांच युवकों को नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।गांव खेड़ा खेमावती निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 जुलाई शाम को वह सफीदों पट्रोल पंप पर तेल डलवा कर घर लौट रहा था। शहर में अचानक कार ने उसकी बाइक का रास्ता रोक लिया था।

### कैथलः विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**कैथल।** ढांड थाना क्षेत्र के गांव में विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। पुलिस ने विवाहिता की पति की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में एक गांव निवासी युवक ने बताया कि उसकी पत्नी 17 जुलाई को सुबह करीब 10 बजे घर से बिना किसी को बताए चली गई। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। जांच अधिकारी संजीव ने बताया कि विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

# जींद से सोनीपत रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन का नियमित संचालन प्रारंभ

## पहले दिन जींद से 20 यात्रियों ने सफर किया, ट्रेन में अत्याधुनिक सुविधाएं होने के बावजूद किराया भी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का रविवार को जींद से सोनीपत रूट पर संचालन शुरू हो गया है। पहले दिन जींद से 20 यात्रियों ने सफर किया। यार्ड से निकलर ट्रेन प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची। ट्रेन को देखकर यात्री काफी उत्साहित थे। यात्रियों का कहना था कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन अब यात्रियों के लिए सुचारू रूप से शुरू हो गई है। इसका यात्रियों को काफी लाभ मिलेगा। ट्रेन में अत्याधुनिक सुविधाएं होने के के बावजूद किराया भी कम है। जब ट्रेन प्लेटफार्म पर आकर रुकी तो ट्रेन के सामने आकर यात्रियों ने सेल्फी भी ली। 25 मिनट तक ट्रेन प्लेटपुार्म पर खड़ी रही। इसके बाद सात बजकर 40 मिनट पर ट्रेन सोनीपत के लिए रवाना हुई। ट्रेन में बैठे यात्री राजपाल ने कहा कि वह अपने पोत्र व पोत्रियों के साथ स्पेशल हाइड्रोजन ट्रेन से सोनीपत जा रहे हैं। 17 जुलाई को जब हाइड्रोजन ट्रेन का उद्घाटन हुआ था तो उन्हें ट्रेन में जाने का मौका नहीं मिल पाया था। ऐसे में वे रविवार को बच्चों को स्पेशल हाइड्रोजन ट्रेन की सैर करवाने आए हैं। वहीं कैथल जिले के गांव बात्ता निवासी विशाल ने कहा कि उसे किसी काम से पानपीत जाना है। वह कैथल से जींद पहुंचा तो यहां आकर हाइड्रोजन ट्रेन को देखा। विशाल ने कहा कि यह देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन है, जो हरियाणा से चल रही है। यह गौरव की बात है। यात्रियों ने कहा कि इसमें यात्रियों के लिए लिए बेहतर सुविधा है। ट्रेन के अंदर डिस्पले स्क्रीन लगी हुई है। इस पर अगले स्टेशन और उस पर पहुंचने का समय भी दर्शाया जाता है। इसके अलावा साउंड सिस्ट में भी यात्रियों को अगले स्टेशन व ट्रेन की खुबियों के बारे में बताया जा रहा है। इसके अलावा सीट पर चार्जिंग प्वाइंट भी लगे हुए हैं, जहां यात्री मोबाइल व लैपटाप चार्जिंग पर लगाकर बैठे हुए थे। ट्रेन में मैट्रो जैसी सुविधाएं हैं। इसकी खिड़कियां भी मैट्रो ट्रेन की तरह खुलती हैं।



**जींद।** बच्चों सहित हाइड्रोजन ट्रेन में बैठे यात्री। *फोटो :हरिभूमि*



**जींद।** ट्रेन चलने से पहले सेल्फी लेते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### सप्ताह में चलेगी छह दिन

रेलवे की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार शुक्रवार को छोड़कर यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी। ट्रेन नंबर 74010 सुबह सात बजकर 40 मिनट पर जींद जंक्शन से रवाना होगी। जो जींद सिटी स्टेशनए पांडू पिंडारा, ललितखेड़ा हाल्ट, भंभेवा, ईसापुरा खेड़ी हाल्ट, बुटाना, खंदराई हाल्ट, गोहाना, राबरा हाल्ट, लाठ, मोहाना हरियाणा व बरवासनी होते हुए नौ बजकर 40 मिनट पर ट्रेन सोनीपत पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 74009 सुबह 10.40 पर सोनीपत से जींद के लिए रवाना होगी दोपहर एक बजे जींद पहुंचेगी। ट्रेन में वहीं किराया रहेगा जो पैसेंजर ट्रेन में रहेगा। जींद से सोनीपत रूट तक का किराया 25 रुपये रहेगा।

## कैथल का नगर परिषद कार्यालय बना भ्रष्टाचार का अड्डा

# पोर्टल पर कम राशि दिखाकर सरकार को लाखों की चपत लगाने का आरोप

### 91 प्रॉपर्टी आईडी जांच के घेरे में, 2023 से चल रही गड़बड़ी की आशंका

लोगों से टैक्स और डेवलपमेंट चार्ज की पूरी राशि वसूलने के बावजूद विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर कम राशि दर्ज किए जाने का मामला सामने आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

प्रदेश सरकार जहां जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का दावा कर रही है, वहीं कैथल नगर परिषद में प्रॉपर्टी टैक्स और डेवलपमेंट चार्ज की वसूली में सामने आई कथित अनियमितताओं ने स्थानीय निकाय की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां लोगों से टैक्स और डेवलपमेंट चार्ज की पूरी राशि वसूलने के बावजूद विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर कम राशि दर्ज किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में नगर परिषद की भाजपा समर्थित चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने भी एक चैनल को दिए साक्षात्कार में टैक्स वसूली में गड़बड़ी होने की बात स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत विभाग के मंत्री और मुख्यमंत्री तक पहुंचाई गई है। चेयरपर्सन के इस बयान के बाद उनके चार वर्षीय कार्यकाल में नगर परिषद की टैक्स वसूली व्यवस्था और निगरानी तंत्र पर सवाल उठने लगे हैं। नगर परिषद चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार खत्म करने और जीरो टॉलरेंस लागू करने का दावा किया गया था, लेकिन चार साल बाद भी टैक्स शाखा में सामने आई अनियमितताओं ने उन दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार करीब 91 प्रॉपर्टी आईडी में लोगों द्वारा जमा कराई गई राशि और पोर्टल पर दर्ज रकम में अंतर मिला है। बताया जा रहा है कि यह गड़बड़ी वर्ष 2023 से चली आ रही है। आरोप है कि इस प्रक्रिया से सरकारी राजस्व को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचा। बता दें कि पूरे मामले की शिकायत करीब दो महीने पहले ही चेयरपर्सन के संज्ञान में पहुंच गई थी। इसके बावजूद संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ न तो एफआईआर दर्ज कराई गई और न ही तत्काल कोई सख्त कार्रवाई हुई। अब मामला सार्वजनिक होने के बाद जांच और कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू होने की बात कही जा रही है। पिछले सप्ताह नगर परिषद की बैठक में भाजपा समर्थित एक पार्षद ने भी भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।



नगर परिषद का भवन

### नप में दलालों ने जमाया डेरा

नप में दलालों ने जमाया डेरा
बता दें कि नगर परिषद वर्तमान में दलालों की शरणस्थली बनकर रह गई है। भले ही नप के अधिकारी व कर्मचारी डयूटी पर देरी से आएं लेकिन दलाल अपनी गाडी लेकर निर्धारित समय पर पहुंच जाते हैं। भले ही कर्मचारी अवकाश पर रहें लेकिन दलाल अवकाश पर नहीं रहते। वे पूरे कार्यालय में घूमकर अपना शिकार ढूंढ लेते हैं। नप की इस प्रकार की हालत के जिम्मेवार दलाल ओर भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी बताए जा रहे हैं।

### करवाई जा रही जांच

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संदीप सोलंकी ने कहा कि विभाग में कार्यों का अधिक दबाव होने के कारण उन्होंने संबंधित शाखा का चार्ज स्वयं संभाला था। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग

# हाट में रेती, बजरी कारोबारी को गोली मारकर उतारा मौत के घाट

■ परिवार के ही लोगों के साथ पैसे के लेन-देन को लेकर था विवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव हाट में रेती व बजरी कारोबारी की पारिवारिक रुपयों के लेन देन के चलते गोलियां मार कर हत्या की गई थी। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतक की बहन की शिकायत पर मृतक के चाचा समेत पांच लोगों के खिलाफ हत्या, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हाट निवासी रेखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई गुरूदत्त सींक रोड पर रेती व बजरी की दुकान चलता था। गुरूदत्त उसके रिश्ते के चाचा चंद्रहास की तरफ रुपये मांगता था। जिससे चंद्रहास रंजिश पाले हुए था। गत 17 जुलाई को उनकी मां की तिमाही थी। अनुष्ठान के बाद गुरूदत्त अपनी दुकान पर चला गया। जब वह वहां पेड़, पौधों को देख रहा था तो उसी दौरान बाइक पर आए चकरा, अंशुल तथा उसके साथियों ने गुरूदत्त पर फायरिग कर दी। गुरूदत ने एक घर में घुस बचने की कोशिश भी की। जान बचाने के लिए भी भागा लेकिन गुरूदत्त के सिर व अन्य स्थानों पर गोलियां लगने के कारण उसकी मौत हो गई। सदर थाना सफीदों पुलिस ने रेखा की शिकायत पर चकरा, अंशुल, कृष्ण, चंद्रहास तथा रामफल के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना सफीदों प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि मृतक की बहन पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपितों की घर पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

### सुलझाया ज्वैलर्स की दुकान में चोरी का मामला

**कैथल।** करनाल रोड स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान में हुई चोरी की वारदात का खुलासा एंटी नारकोटिक सैल कैथल ने मात्र 12 घंटे के भीतर करते हुए आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि फ्रेंड्स कॉलोनी, कैथल निवासी रवि वर्मा ने शिकायत दी थी कि 17 जुलाई की दोपहर वह अपनी करनाल रोड स्थित ज्वेलरी दुकान को शीशे के गेट पर ताला लगाकर गया था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्तियों ने गेट का ताला तोड़कर दुकान में रखे सोने-चांदी के आभूषण तथा नकदी चोरी कर ली। शिकायत के आधार पर थाना सिविल लाइन, कैथल में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने जांच एंटी नारकोटिक सैल, कैथल को सौंपते आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमारी के नेतृत्व में एचसी अनिल कुमार, सिपाही कैलाश, विकास की टीम ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वारदात में संलिप्त आरोपी पिता-पुत्र को काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सत्यवान उर्फ भोला तथा उसके पुत्र रोहित उर्फ छोटू, दोनों निवासी गांव नरड़, जिला कैथल के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने चोरी के मामले को मात्र 12 घंटे के भीतर सुलझाकर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।



ब्लॉक समिति क्षेत्र के विकास को लेकर जानकारी देतीं पंचायत समिति चेयरपर्सन अर्चना शर्मा।

### ग्रामीण विकास में कमी नहीं रहने दी जाएगीः शर्मा

**पूंडरी।** पंचायत समिति पूंडरी की चेयरपर्सन अर्चना शर्मा (फतेहपुर) ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हर गांव में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। पंचायत समिति जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास योजनाओं को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने का कार्य करेगी। कहा कि हलका विधायक सतपाल जाम्बा के मार्गदर्शन एवं सहयोग से क्षेत्र में सड़, पेयजल, जल निकासी, गलियों के निर्माण, सामुदायिक भवनों के विकास, स्वच्छता व्यवस्था तथा अन्य जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। पंचायत समिति का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।

### सेरधा के सरकारी स्कूल में बंदरों का हमला, छात्रा घायल

**राजौंद।** सेरधा के राजकीय कन्या प्राथमिक स्कूल में बंदरों के आतंक का मामला एक बार फिर सामने आया है। स्कूल परिसर में एक छात्रा पर बंदर ने हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। घटना के बाद स्कूल में बच्चों और स्टाफ के बीच भय का माहौल बन गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा जैसे ही अपनी कक्षा में प्रवेश कर रही थी, तभी अचानक एक बंदर उस पर झपट पड़ा और उसे काट लिया। हमले में छात्रा घायल हो गई, जिसके बाद उसे तुरंत उपचार के लिए ले जाया गया। घटना के बाद अन्य बच्चों में भी दहशत फैल गई औरअभिभावकों में भी चिंता का माहौल बन गया है।स्कूल के मुख्य शिक्षक महफील सिंह ने बताया कि स्कूल परिसर में बंदरों की समस्या काफी समय से बनी हुई है। कई बार बंदर कक्षाओं के अंदर तक घुस आते हैं और बच्चों के लिए खतरा बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है। मुख्य शिक्षक महाबीर सिंह ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभागों और ग्राम पंचायत को लिखित शिकायत दी जा चुकी है।



सेरधा के राजकीय कन्या स्कूल में बन्दर के काटने से घायल छात्रा।

## बड़नपुर में गंदे पानी की निकासी का कार्य ठेकेदार व प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही से रुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

गांव बड़नपुर में गंदे पानी की निकासी का कार्य रूकने से लिंक रोड नरवाना, तीनों स्कूल, नायक बस्ती, शिव मंदिर वाली गली, मिनी स्टेडियम व जलघर जाने वाले रास्ते व मुख्य रास्ते गंदा पानी खड़ा होने के कारण बंद हो गए हैं। सतीश नायक ने बताया कि गंदा पानी खड़ा होने के कारण गांव में बीमारियां फैलनी शुरू हो गई हैं। कमेटी सदस्य ओमप्रकाश श्योकंद ने बताया कि ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया जिसके कारण निर्माणाधीन दीवार दो बार गिर चुकी है। दूसरी तरफ नया तालाब के लिए 19.76 लाख रुपये की ग्रांट आई हुई है लेकिन कार्य रूका हुआ है। कामरेड़ सुरेश ने बताया कि सिर्फ एडीसी प्रदीप कुमार की कार्यशैली सही है लेकिन अन्य सभी अधिकारी, कर्मचारी व ठेकेदार अपना काम नहीं कर रहे हैं जिसके कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द से जल्द ग्रामीण एडीसी जीन्द से मिलकर पंचायती राज के बीडीपीओ, एसडीओ, जेई व ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग रखेंगे।

### लोगों में भारी रोष



## आश्वासन देने के बावजूद अधूरा पड़ा सीवन का एसटीपीः देवेंद्र हंस

# विधायक ने निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की साइट का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

गुहला से कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस ने नगर पालिका सीवन में निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की साइट का निरीक्षण किया और परियोजना की धीमी गति तथा लगातार हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मौके पर कार्य की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और कहा कि विधानसभा में सरकार द्वारा इस परियोजना को अब तक पूरा करने का स्पष्ट आश्वासन दिया गया था, लेकिन जमीनी स्तर पर एसटीपी आज भी अधूरा पड़ा है। विधायक देवेंद्र हंस ने कहा कि सीवन की सीवरेज परियोजना पिछले कई वर्षों से लंबित है। नगर के नागरिक लगातार टैक्स और अन्य शुल्कों का भुगतान कर रहे हैं, लेकिन बदले में उन्हें न सुचारु सीवरेज व्यवस्था मिल रही है, न दूषित पानी और जलभराव की समस्या से राहत मिली है और न ही एसटीपी को चालू किया जा सका है। विधानसभा में सरकार की ओर से दिए गए आश्वासन भी केवल कागजों और सरकारी रिकॉर्ड तक सीमित होकर रह गए हैं। देवेंद्र हंस ने कहा कि एसटीपी जैसी महत्वपूर्ण परियोजना का अधूरा रहना केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि जनता के धन के प्रति सरकार की जवाबदेही के अभाव का प्रमाण है। योजनाएं जनता की सुविधा के लिए बनाई जाती हैं, लेकिन भाजपा शासन में ऐसी योजनाओं को करदाताओं के पैसे की लूट का माध्यम बना दिया गया है। भुगतान और ठेके की प्रक्रिया आगे बढ़ती रहती है, जबकि धरातल पर काम अधूरा पड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि सीवरेज परियोजना पूरी न होने के कारण नगरवासियों को गंदगी, दुर्गंध, दूषित पानी, जलभराव और मकानों की नींव तक पहुंच रहे सीवरेज के पानी जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर सीवरेज पाइपों में रिसाव की शिकायतें भी सामने आई हैं, जिससे भविष्य में भवनों को भारी नुकसान होने की आशंका है।



**सीवन।** एसटीपी का अवलोकन करते पहुंचे विधायक देवेन्द्र हंस।

### समय-सीमा तय की जाए

देवेंद्र हंस ने मांग की कि एसटीपी परियोजना की उच्चस्तरीय तकनीकी और वित्तीय जांच करवाई जाए, अब तक हुए खर्च और भुगतान का पूरा हिसाब सार्वजनिक किया जाए तथा कार्य पूरा करने के लिए निश्चित और बाध्यकारी समय-सीमा तय की जाए। साथ ही, परियोजना में अनावश्यक देरी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सीवन की जनता को केवल घोषणाएं और नई समय-सीमाएं नहीं, बल्कि चालू और प्रभावी सीवरेज व्यवस्था चाहिए। इस परियोजना को शीघ्र पूरा करवाने और जनता के टैक्स के प्रत्येक रुपये का हिसाब लेने के लिए वह विधानसभा से लेकर सड़क तक मजबूती से आवाज उठाते रहेंगे।

### पुंडरी मार्ग पर गहरे गड्ढों से हादसों का अंदेशा

**राजौंद।** शहर के पुंडरी मार्ग पर महाराणा प्रताप चौक से लेकर पूर्व विधायक सतविंदर राणा की कोठी तक सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। सड़क जगह-जगह से टूटी है और गहरे गड्ढों से हर समय दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। मार्ग की खास बात है कि यहां दोनों ओर निजी स्कूल स्थित हैं, जहां रोजाना सैकड़ों विद्यार्थी आते-जाते हैं। साथ ही सड़क के किनारे पूरी मार्केट भी है, जिससे दिनभर यातायात का दबाव बना रहता है। खराब सड़क के कारण दुकानदारों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है और ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी मार्ग पर एक सरकारी बैंक भी स्थित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग काम के लिए पहुंचते हैं। लेकिन टूटी सड़क और गड्ढों के चलते लोगों को दिक्कत झेलनी पड़ रही है।

## खबर संक्षेप

### कानून को तत्काल लागू करवाने के लिए हों एकजुट

**जींद।** जनवादी महिला समिति हरियाणा ने दिल्ली पुलिस द्वारा संसद के मानसून सत्र के पहले दिन 20 जुलाई को महिला आरक्षण कानून को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर प्रस्तावित शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति देने से इनकार करने के फैसले की कड़ी निंदा की है। संगठन की जिला अध्यक्ष आशा ने कहा कि महिला आरक्षण कानून संसद द्वारा पारित हुए लगभग तीन वर्ष बीत चुके हैं लेकिन केंद्र सरकार ने इसे अभी तक लागू नहीं किया है। सरकार द्वारा जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया से जोड़ कर लगातार टालने का प्रयास किया जा रहा है।

### वीएस फाउंडेशन स्कूल में लगा डेंटल चेकअप कैंप

**नरवाना।** पतराम नगर नरवाना स्थित वीएस फाउंडेशन स्कूल में विद्यार्थियों के लिए निशुल्क डेंटल चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कैंप में डॉक्टर तमन्ना द्वारा बच्चों के दांतों की जांच की गई। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट, टॉफी, आइसक्रीम व अन्य मीठे पदार्थों का सीमित सेवन करने, दिन में दो बार ब्रश करने, दांतों की साफ-सफाई का ध्यान रखने और नियमित रूप से दांतों की जांच करवाने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने दांतों से जुड़ी कई जिज्ञासाओं के उत्तर भी दिए।

### उचाना कपास मंडी में हवन और भंडारा आज

**उचाना।** उचाना क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं बारिश की कामना के लिए 20 जुलाई को कपास मंडी में उचाना मंडी द्वारा सभी के सहयोग से हवन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। खुजान बंसल ने कहा कि सभी के सहयोग से भंडारे एवं हवन का आयोजन किया जा रहा है। हवन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी तो बारिश की कामना भी भगवान से हवन से की जाएगी। हवन के बाद भंडारा का आयोजन होगा।

### फैक्टरी का ताला तोड़कर लाखों के उपकरण चोरी

**जींद।** नरवाना में बीती रात चोरों ने फैक्टरी का ताला तोड़ कर वेट मशीन, एसी, बिजली की तारें, एल्यूमिनियम की तारों समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने फैक्टरी मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पतराम नगर नरवाना निवासी रोबिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी औद्योगिक इलाके में फैक्टरी है। बीती रात चोरों ने फैक्टरी का ताला तोड़ कर वेट मशीन, एसी, बिजली की तारें, लोहे तथा एल्यूमिनियम के पाइप तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने रोबिन की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव अनूपगढ़ से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव अनूपगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया गत दिवस उसकी 21 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सत्यापन अभियान की अंतिम तिथि 24 जुलाई

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर किए जा रहे सत्यापन अभियान की अंतिम तिथि 24 कर दी गई है। डीसी ने बताया कि 31 जुलाई को मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद 31 जुलाई से 30 अगस्त तक मतदाता सूची से संबंधित दावे एवं आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निपटान 28 सितंबर तक किया जाएगा। इसके उपरांत तीन अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। अपील की कि अभियान के दौरान बीएलओ को आवश्यक

## भगवान जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा शहर

# सैकड़ों लोग भगवान जगन्नाथ के रथ का रस्सा खींचकर बने पुण्य के भागी

### जींद में पहली बार निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा



**जींद।** रथ के पीछे चल रहे श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर में पहली बार इस्कॉन मंदिर जींद द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा महारानी की भव्य रथ यात्रा का सफल आयोजन किया गया जिसमें सैंकडों श्रद्धालु शामिल हुए। इस यात्रा में श्रद्धालुओं की खूब भीड़ उमड़ी। महिलाओं की संख्याओ ने भी रिकार्ड तोड़ा। यह जगन्नाथ यात्रा जयंती देवी मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुरू हुई और शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए रोहतक रोड स्थित इस्कॉन मंदिर पहुंची जहां महा आरती, हरिनाम संकीर्तन एवं महाप्रसाद के साथ यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक एवं शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ के जयघोष, हरिनाम संकीर्तन और भक्ति संगीत से पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। रथ यात्रा में रूस, फ्रांस, यूक्रेन सहित कई देशों से आए श्रद्धालुओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ के दिव्य रथ का रस्सा खींच कर स्वयं को धन्य माना। पूरे मार्ग में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा, आरती और स्वागत किया गया। जगह-जगह भजन व कीर्तन एवं जलपान की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। यह जगन्नाथ यात्रा इस्कॉन मंदिर रोहिणी के अध्यक्ष केशव मुरारी प्रभु के सान्निध्य में, इस्कॉन मंदिर जींद के अध्यक्ष अमरेंद्र हरिदास की देखरेख में तथा दिल्ली के समाजसेवी टीआर मित्तल, मुख्य सहायक वृंदावन मोहन दास, विकास मलिक, राजकुमार गोयल, रोहित बंसल सहित अनेक श्रद्धालुओं के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस्कॉन जींद के अध्यक्ष अमरेंद्र हरिदास ने सभी श्रद्धालुओं, प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जींदवासियों के अपार प्रेम और सहयोग से पहली भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बन गई। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस दिव्य परंपरा को और अधिक भव्य रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा की तरफ से उनके सुपुत्र रूद्राक्ष मिड्ढा, समाजसेवी पवन गर्ग इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजकुमार गोयल ने कहा कि जींद में पहली बार आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा को जिस प्रकार शहरवासियों का स्नेह, सहयोग और उत्साह मिला वह अभूतपूर्व रहा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं बल्कि सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और विश्व बंधुत्व का संदेश देने वाला ऐतिहासिक पर्व बन गया है। यात्रा के प्रमुख प्रचारक राजकुमार गोयल ने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ की कृपा से यह पहली रथ यात्रा जींद के धार्मिक इतिहास में एक नया अध्याय बनकर सदैव स्मरणीय रहेगी। उन्होंने रथ यात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओ, सामाजिक संस्थाओं, प्रशासन, पुलिस विभाग एवं स्वयंसेवकों का हृदय से आभार व्यक्त किया।



**जींद।** नवनियुक्त क्रेच वर्कर्स एवं हेल्पर्स यूनियन की पदाधिकारी।

# मुकेश जिला प्रधान और अनीता बनी कोषाध्यक्ष

■ क्रेच वर्कर्स एवं हेल्पर्स यूनियन की नई जिला कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

क्रेच वर्कर्स एवं हेल्पर्स यूनियन हरियाणाका तीसरा जिला सम्मेलन रविवार को जींद स्थित सूबे सिंह स्मारक में आयोजित किया गया। सम्मेलन में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ सर्वसम्मति से नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में मुकेश को जिला प्रधान, सीमा को जिला सचिव तथा अनीता को जिला कोषाध्यक्ष चुना गया। सम्मेलन में संगठन को मजबूत बनाने और क्रेच वर्कर्स एवं हेल्पर्स की लंबित मांगों को लेकर संघर्ष तेज करने का भी निर्णय लिया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता अनीता ने की। जबकि उद्घाटन सीटू के जिला उपाध्यक्ष कपूर सिंह ने किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र और हरियाणा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि श्रमिकों, महिलाओं, कर्मचारियों और किसानों से जुड़े मुद्दों पर संगठित संघर्ष की आवश्यकता है। उन्होंने क्रेच वर्कर्स एवं हेल्पर्स से अपने अधिकारों की लड़ाई को एकजुट होकर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। सम्मेलन के दौरान संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिस पर प्रतिनिधियों ने विस्तार से चर्चा की और उसे सर्वसम्मति से पारित किया। इसके बाद पांच सदस्यीय नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। यूनियन की राज्य प्रधान सुशीला ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि क्रेच वर्कर्स एवं हेल्पर्स लंबे समय से कम वेतनए असुरक्षित रोजगार, समय पर मानदेय का भुगतान न होने और कार्यस्थलों पर मूलभूत सुविधाओं की कमी जैसी समस्याओं का सामना कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इन मांगों के समाधान के लिए पूरे प्रदेश में आंदोलन को तेज किया जाएगा तथा 10 अगस्त को प्रस्तावित देशव्यापी जेल भरो आंदोलन में बड़ी संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।

# जींदः बेटियों की शिक्षा को और बेहतर बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



**उचाना।** कन्या गुरुकुल खेड़ा की नवगठित कार्यकारिणी। फोटो :हरिभूमि

कन्या गुरुकुल गुरुकुल खेड़ा की नवगठित कार्यकारिणी ने शनिवार को विधिवत अपना कार्यभार संभाल लिया। नई कार्यकारिणी में महीपाल खटकड़ को उप प्रधान, रणधीर सिंह को सचिव, रामनिवास बुडायन को कोषाध्यक्ष, दिनेश नगूरां को सह सचिव तथा संदीप खेड़ा, मंदीप लोधर, कुलदीप सुदकेन खुर्द, महिपाल काब्रच्छा, वीरेंद्र अलीपुरा और रामदिया करसिन्धु को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में निर्विरोध चुना गया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद सभी पदाधिकारियों ने गुरुकुल के विकास और बेटियों की शिक्षा के स्तर को लगातार ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उन्होंने उपस्थित सदस्यों एवं स्टाफ को भरोसा दिलाया कि गुरुकुल के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। कार्यकारिणी ने स्टाफ से आग्रह किया कि छात्राओं द्वारा लगातार हासिल किए जा रहे उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों को बनाए रखने के साथ-साथ उन्हें और बेहतर बनाने के लिए भी प्रयास किए जाएं।

### स्कूली खेल कूद स्पर्धा का कैलेंडर जारी

**जींद।** जींद जिले की खंड व जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का कैलेंडर जारी कर दिया गया है। जिला शिक्षा विभाग द्वारा इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। एईओ खेल मुनीत बेरवाल ने बताया कि खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता 20 जुलाई से 24 जुलाई के बीच होंगी। जबकि जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 27 जुलाई से तीन अगस्त के बीच करवाई जाएगी। इन प्रतियोगिताओं में 33 खेलों के खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि खंड स्तर पर 13 खेल करवाए जाएंगे। खंड स्तर पर एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल लड़के, बेसबॉल, शतरंज क्रिकेट, फुटबाल, हैंडबॉल,कबड्डी, खो-खो, सोफ्टबॉल, वॉलीबॉल और रेसलिंग के खेल होंगे। चयनित खिलाड़ी जिला स्तर पर भाग लेंगे। इन प्रतियोगिताओं में स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के नियम लागू रहेंगे।

# कैंप में 31 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** कार्यक्रम में रक्तदान करते हुए युवा। फोटो :हरिभूमि

युवा विकास समिति जींद द्वारा गांव गुलकनी स्थित शहीदी स्मारक पर शहीदों की स्मृति में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं ने 31 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष एवं जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढ़ू ने बताया कि शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच जयदीप ने शिरकत की। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान की पूर्ति केवल मनुष्य ही कर सकता हैए इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए। पूर्व सरपंच जयदीप ने युवा विकास समिति की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में भी समिति लगातार रक्तदान शिविर आयोजित कर अस्पतालों में रक्त की कमी को दूर करने का सराहनीय कार्य कर रही है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमुख समाजसेवी राजेंद्र सोनी ने भाग लिया। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया। राजेंद्र ने अनुभव साझा करते कहा कि उन्होंने पिछले 20 वर्षों में 58 बार रक्तदान किया है।



**नरवाना।** महंत रमन पूरी डाक्टर की टीम के साथ। फोटो :हरिभूमि

### बीमारियों से बचाव के संबंध में जानकारी दी

**नरवाना।** उपमंडल नरवाना के गांव दनौदा कलां स्थित डेरा बाबा कौशल पुरी शिव शक्ति धाम आश्रम (खोटड़ मांडू पत्ती) में रविवार को एक मेडिकल कैंप का आयोजन श्री श्री 108 महंत मछंदर पुरी महाराज वैल्फेयर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा किया गया। इस मेडिकल कैंप में लोगों की स्वास्थ्य जांच हेतु उकलाना से डॉ प्रगट गिल (सद्भावना हास्पिटल उकलाना मण्डी उनकी टीम के साथ पहुंचे एवं जांच उपरांत निशुल्क दवाईयां भी दी गई। लोगों को अच्छे स्वास्थ्य एवं बीमारियों से बचाव के संबंध में भी जानकारी दी गई। संस्था के अध्यक्ष महंत रमन पुरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और बताया कि संस्था समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन करती रही है जिसमें लोगों द्वारा भरपूर सहयोग मिलता रहता है। इस मौके पर प्रायोजक के रुप में ए-वन मेडिकोज दनोदा कलां से श्री डॉक्टर अजय नैन, सत्य नारायण, रोबिन नैन व अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

# टहल सिंह विर्क सर्वसम्मति से बने प्रधान

■ गुरुद्वारा सिंह सभा जींद में लोकल कमेटी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



टहल सिंह विर्क।

भारत सिनेमा रोड स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में लोकल कमेटी के गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के एग्जीक्यूटिव मेम्बर जत्थेदार करनैल सिंह निम्नाबाद ने की। बैठक में गुरुद्वारा साहिब के विकास, धार्मिक गतिविधियों और संगत की सेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रधान पद के लिए टहल सिंह विर्क का नाम रखा गया। जिसमें सभी सदस्यों ने सहमति जताई और टहल सिंह विर्क को गुरुद्वारा सिंह सभा जींद का प्रधान सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। प्रधान बनने पर संगत एवं कमेटी के सदस्यों ने टहल सिंह विर्क का फूलमालाओं से स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जत्थेदार करनैल सिंह निम्नाबाद ने कहा कि गुरुद्वारा साहिब की मर्यादाए सेवा और सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सभी सदस्यों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने नई कमेटी से संगत की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का आह्वान किया। नवनियुक्त प्रधान टहल सिंह विर्क ने कहा कि जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी गई है, उस पर वो खरा उतरने का काम करेंगे। गुरुद्वारा साहिब के विकास, धार्मिक गतिविधियों और संगत की सेवा से जुड़े कार्यों में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा। बैठक में पूर्व प्रधान कृपाल सिंह, इंद्रजीत सिंह, सतनाम सिंह घुमन, सतनाम सिंह, कुलदीप सिंह विर्क, बलजीत सिंह किनाना, शोभा सिंह, गुरजिंदर सिंह सहित अन्य गणमान्य सदस्य एवं बड़ी संख्या में संगत उपस्थित रही।



माता भ्रामरी शक्तिपीठ पहुंचे राज्सभा सदस्य एवं भाजपा राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल।

### नरेश बंसल ने भ्रामरी शक्तिपीठ में पूजा-अर्चना की

**उचाना।** राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा के राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष नरेश बंसल ने गुप्त नवरात्रि के छठे दिन देवभूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी शक्तिपीठ में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी अभि कौशिक से आशीर्वाद लिया, जबकि भाजपा नेता पंडित दीपक बुडायन ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न करवाई। बंसल ने कहा कि माता भ्रामरी शक्तिपीठ में उनका निरंतर आना होता है और यहां दर्शन-पूजन कर उन्हें आत्मिक शांति का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए प्रबंध सराहनीय हैं। गुप्त नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं और व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित की जा रही हैं। माता भ्रामरी शक्तिपीठ केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि आसपास के राज्यों के श्रद्धालुओं की भी गहरी आस्था का केंद्र है। यहां का आध्यात्मिक वातावरण श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है और दर्शन के बाद मन को अपार शांति मिलती है। गुरुग्राम के पार्षद अमित राज भड़ाना भी मौजूद रहे।

## विदेश से धर्मेंद्र हुड्डा की चलाई गई मुहिम का सर्वजातीय बिनैन खाप ने किया समर्थन

# सोशल मीडिया पर बढ़ती अशालीनता चिंता का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सर्वजातीय बिनैन खाप के प्रधान रघुवीर नैन तथा खाप के प्रवक्ता संदीप दनौदा ने संयुक्त रूप से कहा कि सोशल मीडिया आज समाज को जोडऩे का एक प्रभावी माध्यम है लेकिन इसके कुछ प्लेटफॉर्मों पर अशालीन भाषा, अभद्र गाने, अशोभनीय नृत्य तथा केवल लोकप्रियता हासिल करने के उद्देश्य से बनाई जा रही आपत्तिजनक सामग्री समाज और विशेषकर बच्चों व युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विदेश में रह रहे धर्मेंद्र हुड्डा द्वारा सोशल मीडिया पर बढ़ती अशालीनता के खिलाफ जो जन-जागरूकता मुहिम चलाई जा रही है, उसका सर्वजातीय बिनैन खाप पूर्ण समर्थन करती है। यह अभियान किसी व्यक्ति विशेष के विरोध का नहीं बल्कि समाज में मर्यादा, संस्कार और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास है। रघुवीर नैन ने कहा कि प्रसिद्धि और फॉलोअर्स की होड़ में कुछ लोग ऐसे वीडियो और सामग्री साझा कर रहे हैं जो भारतीय संस्कृति, सामाजिक मूल्यों और पारिवारिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं हैं। सोशल मीडिया का उद्देश्य शिक्षा, ज्ञान, रोजगार, समाज सेवा और सकारात्मक विचारों का प्रसार होना चाहिए, न कि ऐसी सामग्री को बढ़ावा देना जिससे समाज में गलत संदेश जाए। उन्होंने कहा कि सर्वजातीय बिनैन खाप किसी महिला, पुरुष या किसी वर्ग विशेष के खिलाफ नहीं है, बल्कि अश्लीलता, अभद्र भाषा और समाज में गलत प्रभाव डालने वाली सामग्री के खिलाफ अपनी आवाज उठा रही है। युवाओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन सकारात्मक, रचनात्मक और प्रेरणादायक तरीके से करना चाहिए।

### भड़काऊ सामग्री का समर्थन न करें

खाप प्रवक्ता संदीप दनौदा ने कहा कि अभिभावकों, शिक्षकों और समाज के जिम्मेदार नागरिकों की भी जिम्मेदारी है कि वे नई पीढ़ी को सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही कंटेंट क्रिएटर्स भी ऐसा कंटेंट तैयार करें जो समाज, संस्कृति और देश का सम्मान बढ़ाए। अंत में सर्वजातीय बिनैन खाप ने सभी सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से अपील की कि वे अश्लील, अभद्र और भड़काऊ सामग्री का समर्थन न करें तथा भारतीय संस्कृति, सामाजिक मर्यादा, महिलाओं के सम्मान और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं। खाप ने कहा कि समाजहित में चलाई जा रही ऐसी सकारात्मक मुहिमों को सभी वर्गों का सहयोग मिलना चाहिए।

### शिविर में 90 यूनिट रक्तदान किया

**पूंडरी।** समाजसेवी धर्मेंद्र गक्खड़ जो 75वीं बार रक्तदान कर चुके है, उनके द्वारा पंजाबी धर्मशाला पूंडरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि हल्का विधायक सतपाल जाम्बा व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अजीत बक्शी ने किया। यह रक्तदान नागरिक हस्पताल कैथल के सहयोग से लगाया गया। शिविर में 90 रक्तदाताओ द्वारा रक्तदान किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सतपाल जाम्बा द्वारा रक्तदान के बारे में रक्तदाता को जागरूक करते हुए रक्तदान के महत्व बताया। उन्होंने ने कहा कि रक्तदान को महादान कहा जाता है, जिसका कारण है कि रक्तदान करने वाला ये सोचकर रक्तदान नहीं करता कि उसके रक्त को किसी दिया जाना है, बल्कि आपात स्थिति में किसी भी व्यक्ति की अनमोल जान को बचाया जा सकता है।



समाज सेवी राजू शर्मा को माता भ्रामरी की फोटो देकर सम्मानित करते हुए।

### मां बनभौरी धाम के लिए 32वीं फ्री बस यात्रा रवाना

**उचाना।** जय मां बनभौरी सेवा समिति की अगुवाई में गुप्त नवरात्र की छठ के अवसर पर उचाना के गीता विद्या मंदिर स्कूल के पास से बनभौरी स्थित मां भ्रामरी शक्तिपीठ धाम के लिए 32वीं निशुल्क बस यात्रा रवाना की गई। बस को समाजसेवी राजू शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को रवाना किया।

राजू शर्मा ने कहा कि मां बनभौरी धाम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा लगातार निशुल्क बस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आस्था, सेवा और आपसी भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं की मंगल यात्रा एवं सुख-समृद्धि की कामना की। बस रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं ने मां बनभौरी के जयकारे लगाए और पूरे माहौल में भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस मौके पर विकास मखंड, प्रवीण जैन, सुभाष उदयपुर, श्याम सुंदर, दर्पण बंसल और शिवम गोयल सहित अन्य श्रद्धालु एवं समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### दुर्गा मंदिर में गुरु पूजा व पूर्णाहुति की तैयारी तेज

**नरवाना।** पतराम नगर स्थित दुर्गा मंदिर में अनवरत चल रहे हनुमान चालीसा व सुंदर कांड के पाठों की पूर्णाहुति 21 जुलाई को होगी।दुर्गा मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि स्वामी मुक्तानंद जी महाराज के सानिध्य में फरवरी माह से चल रहे इस ऐतिहासिक अनुष्ठान के अवसर पर 20 जुलाई को गुरू पूजा होगी व 21 जुलाई को हनुमान चालीसा के पाठों की पूर्ण आहुति होगी। श्रद्धालुओं को भेजे संदेश में स्वामी मुक्तानंद महाराज ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस व हनुमान चालीसा कलयुग में मंत्रों के समान प्रभाव रखते हैं।

### पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना से मिल रही मदद

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपए तक का बीमा होता है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीम चलाई हुई हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर मजबूत बनाती है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष आयु के व्यक्ति नामांकन करवा सकते है।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को पांच वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो को वर्ष 2027 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी।

### सुभाष चन्द्र बोस पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**कैथल।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर प्रदान किया जाता है। डीसी अपराजिता ने बताया कि यह पुरस्कार दो श्रेणियों में दिया जाता है।

---

### एसएमसी सदस्यों की भूमिका से मजबूत होगी सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था

# मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से बलवंती के राजकीय स्कूल की एसएमसी प्रधान व प्रिंसिपल से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुरेश राविश ने कहा कि स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सभी सदस्य सरकारी स्कूलों की व्यवस्थाओं पर निरंतर निगरानी रखें और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण, भवन निर्माण, डिजिटल सुविधाओं, पर्यावरण संरक्षण तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि किसी प्रकार की लापरवाही न हो। सीईओ सुरेश राविश रविवार को गांव बलवंती के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित स्कूल प्रबंधन समिति कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर के स्कूल प्रबंधन समिति सदस्यों से संवाद कर सरकारी स्कूलों की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्कूल प्रबंधन समितियों को राज्य सरकार द्वारा 10 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि एसएमसी एक लाख रुपये तक के विकास कार्य स्वयं करवा सकती है। उन्होंने सभी समितियों से प्रत्येक माह नियमित बैठक आयोजित करने तथा विद्यालय विकास की योजनाओं पर गंभीरता से कार्य करने का आह्वान किया। सीईओ सुरेश राविश ने कहा कि यह सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों तथा समय-समय पर उनकी निगरानी भी की जाए। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारी भी नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हैं।



**कैथल।** राजकीय स्कूल बलवंती की एसएमसी प्रधान सुषमा सीएम से बातचीत करते हुए।

#### मुख्यमंत्री ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का लिया फीडबैक

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्यमंत्री ने गांव बलवंती की एसएमसी प्रधान सुषमा से सीधे बातचीत की। सुषमा ने बताया कि विद्यालय में 248 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं तथा पेयजल सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्कूल प्रबंधन समिति नियमित बैठकें कर विद्यालय की व्यवस्थाओं की समीक्षा करती है। विद्यालय के प्राचार्य मामचंद ने भी मुख्यमंत्री को विद्यालय की शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने भी सभी को संबोधित किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सीएमजीजीए दिव्यता मेहर, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार, डीपीसी राजेंद्र, खंड शिक्षा अधिकारी विमला देवी, प्राचार्य मामचंद, प्रवीण थरेजा, सहायक राहुल शर्मा, कुशल कुमार, निर्मल कुमार, एसएमसी प्रधान सुषमा, उपप्रधान नीलम तथा समिति के सदस्य आशा, पूजा, पिंकी, किरण, मुकेश, खुशीराम, सुदेश, संदीप, बलराज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

---

### भगवान जगन्नाथ की 19वीं भव्य रथ यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

# कुरुक्षेत्र से निकाली गई थी पहली जगन्नाथ रथ यात्राः श्याम सिंह राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

इस्कॉन कुरुक्षेत्र एवं इस्कॉन प्रचार समिति कैथल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को भगवान श्री जगन्नाथ जी की 19वीं दिव्य, भव्य एवं सुंदर रथ यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। रथ यात्रा का शुभारंभ हरियाणा सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने नारियल फोड़कर, भगवान के समक्ष झाड़ू सेवा कर तथा रथ की रस्सी खींचकर किया।

रथ यात्रा का शुभारंभ श्रीमन साक्षी गोपाल दास जी (अध्यक्ष, इस्कॉन कुरुक्षेत्र) के सान्निध्य में हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, नगर परिषद चेयरमैन सुरभि गर्ग, वरिष्ठ अधिवक्ता मनदीप सिंह, विनोद भल्ला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा की पवित्र धारा कुरुक्षेत्र से जगन्नाथ यात्रा की पहली यात्रा शुरू हुई थी।यह हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। आज इस यात्रा में हम सभी शामिल हुए हैं। यह एक पुण्य का कार्य है, जो इस यात्रा में शामिल होता है उनका जीवन सफल होता है। इस अवसर पर साक्षी गोपाल दास जी ने रथ यात्रा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्रह्मांड पुराण के अनुसार जो श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के रथ के दर्शन करता है, रथ की रस्सी खींचता है तथा संकीर्तन करते हुए रथ के आगे नृत्य करता है, उसके जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे अंत समय में वैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है।

उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा भक्तों के लिए दिव्य कृपा प्राप्त करने का दुर्लभ अवसर है। जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि सभी शहर वासियों को मैं जगन्नाथ यात्रा पर बधाई देती हूं। सब पर भगवान जगन्नाथ जी की कृपा बनी रहे और सभी सुखी रहें। श्रद्धालु भक्ति रस में झूमे पौराणिक परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का शुभारंभ झाड़ू सेवा एवं रथ की रस्सी खींचकर किया जाता है, जिसका निर्वहन मुख्य अतिथियों ने श्रद्धापूर्वक किया। रथ यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलदेव एवं बहन सुभद्रा महारानी के दिव्य विग्रहों से सुसज्जित रथ के आगे संकीर्तन, भजन, ढोल-नगाड़ों एवं बैंड-बाजों की मधुर धुन पर श्रद्धालु भक्ति रस में झूमते रहे।



**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा जगन्नाथ यात्रा की जानकारी देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### जगह-जगह हुआ स्वागत

यात्रा मार्ग में अनेक स्थानों पर भगवान को 56 भोग अर्पित किए गए। शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारियों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान की आरती उतारी तथा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं जलपान की व्यवस्था की। शहरभर में लगभग 50 से अधिक स्थानों पर भगवान के स्वागत के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

#### विशाल भंडारे के साथ समापन

रथ यात्रा श्री खाटू श्याम मंदिर, अंबाला रोड से प्रारंभ होकर अंबाला रोड, ढांड रोड, ऋषि नगर, करनाल रोड, पेहोवा चौक एवं कमेटी चौक से होती हुई गीता भवन मंदिर पहुंची, जहां विशाल भंडारे के साथ यात्रा का समापन हुआ। हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। यात्रा के दौरान शहर की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया। समिति द्वारा रथ यात्रा के पीछे सफाई कर्मचारियों एवं कचरा संग्रहण की व्यवस्था की गई।

---

### गंगा चौहान की स्वर्णिम जीत से बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज गौरवान्वित

**ढांड ।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित अंडर-23 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 55 किलोग्राम भार वर्ग का स्वर्ण पदक जीतकर बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज, कौल के छात्र गंगा चौहान ने एक नई उपलब्धि अपने नाम की है। 5 से 17 जुलाई तक चली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में स्वर्ण जीतने पर महाविद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल है। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने कहा कि गंगा चौहान की सफलता पूरे कॉलेज परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ खेलों में भी उत्कृष्ट अवसर प्रदान कर रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्वर्ण पदक युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की नई प्रेरणा देगा। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की खेल विरासत पहले भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। कॉलेज के पूर्व छात्र निशांत देव द्वारा ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। अब गंगा चौहान ने एशियाई स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर इस गौरवशाली परंपरा को और मजबूत किया है।




---

# शिविर में 55 मरीजों की सेहत जांची

### एक किरण उम्मीद की एवं राधा नर्सिंग होम के तत्वावधान में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

सामाजिक संस्था एक किरण उम्मीद की एवं राधा नर्सिंग होम के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 55 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श एवं आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने के बारे में जानकारी दी गई। संस्था की अध्यक्ष निधि मोहन ने बताया कि शिविर के दौरान मरीजों के रक्तचाप (बीपी), शुगर, अस्थमा तथा जोड़ों के दर्द से संबंधित जांच निःशुल्क की गई। चिकित्सकों ने नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित दिनचर्या तथा आयुर्वेद के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनीषा मंगल एवं डॉ. मनोज मंगल ने कहा कि आयुर्वेद केवल उपचार की पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने का आधार है। समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाकर बीमारियों की समय रहते पहचान की जा सकती है। संस्था की अध्यक्ष निधि मोहन ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में भी समाजहित में ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। इस अवसर पर डॉ. मनोज मंगल, डॉ. मनीषा मंगल, श्रवण सिंगला, अंकुश बंसल, सुनील मित्तल, बबीता सिंगला, वंदना मित्तल, परवीन मित्तल, डॉ. भुवन मंगल, मंजू, विकास कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



**पूंडरी।** डॉ मनोज मंगल व डॉ मनीषा मंगल को सम्मानित करते हुए निधि मोहन।

---

**गड़बड़ी** जांच रिपोर्ट पर अलग से जांच बैठाने के लिए सीएम को शिकायत भेजने का निर्णय

# कलायत में सात पार्कों के रखरखाव एवं सिक्योरिटी टेंडर कार्य की शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने मांगी रिपोर्ट

### उच्च स्तर पर जांच रिपोर्ट में देरी पर हरियाणा सरकार सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत में नगर पालिका के अधीन आने वाले सात पार्कों के रखरखाव एवं सिक्योरिटी टेंडर कार्य में सरकार की जीरो टालरेंस नीति की अनदेखी करने का मामला शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के लिए उच्च स्तरीय जांच का विषय बन गया है। इसमें जिला स्तर पर एडीसी डा.सुशील कुमार द्वारा कुछ माह पहले की गई जांच पर भी शिकायतकर्ताओं द्वारा बड़े सवाल खड़े करते हुए सीएम नायब सिंह सैनी से अलग से जांच कमेटी गठित करने की फरियाद लगाई गई है। इस समय अवधि में एडीसी कार्यालय द्वारा की गई जांच रिपोर्ट को ए.सी.बी द्वारा कब्जे में लिया जाए। इसको लेकर वार्ड 6 पार्षद प्रदीप राणा द्वारा विभिन्न स्तरों पर शिकायत दी गई है।

इसके साथ ही आरटीआई कार्यकर्ता सुरेंद्र बैद्य इस मामले को लेकर न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाने की तैयारी हैं। इनका कहना है कि पार्कों के टेंडर कार्य की जो जांच एडीसी स्तर पर की गई उससे वे संतुष्ट नहीं हैं। क्योंकि टेंडर कार्य अनुसार न तो सिक्योरिटी गार्ड पार्कों में लगाए गए और न रखरखाव का कार्य बेहतर ढंग से हुआ। नियम अनुसार सिक्योरिटी गार्डों का वेतन उनके बैंक खातों में आन लाइन जमा करवाना जरूरी है। लेकिन नगर पालिका में आयोजित प्रदर्शन में कर्मियों ने साफ तौर से कहा था कि उन्हें खातों की बजाए नकद में वेतन दिया जा रहा है। जबकि पीएफ व अन्य सुविधाएं उन्हें नहीं मिल रही।

उधर पार्षद प्रदीप राणा ने इस मामले को हाईप्रोफाइल गोलमाल करार देते हुए सीएम नायब सिंह सैनी से एसीबी से जांच करवाने की मांग की है। पार्षद का आरोप है कि पार्कों के टेंडर के नाम पर बड़ी हेराफेरी हुई है। इसलिए इसकी जांच जिला स्तर पर या तो सीनियर आइएएस अधिकारी करे या सीएम द्वारा कोई एसआईटी गठित की जाए। उनका कहना है कि टेंडर कार्य केवल कागजों में हुआ है। महिलाएं पार्क में पंचायत आयोजित कर भ्रष्टाचार की पूरी पोल खोल चुकी हैं। इसके साथ ही आरटीआई में धांधली उजागर हो चुकी है। इसलिए पार्कों सहित नगर पालिका के माध्यम से जारी कार्यों की गहनता से जांच अनिवार्य है।





**कलायत।** शिकायत के साथ भेजी गई पार्कों की फोटो। *फोटो : हरिभूमि*

#### सरकार के पत्र में झलक रहा सख्त रुख

शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा सरकार के अधीक्षक विनोद सिंह द्वारा भेजे गए पत्र अनुसार कलायत के वार्ड 6 से पार्षद प्रदीप राणा द्वारा पार्कों के टेंडर कार्य में भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत भेजी गई थी। शिकायत प्राप्त होने के बाद शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने जिला नगर आयुक्त, कैथल से पूरे मामले पर 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगी थी। निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी विभाग को कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। दो माह से अधिक समय गुजर जाने पर विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए रिमाइंडर पत्र जारी किया है। सरकारी पत्र में कहा गया है कि जांच में अनावश्यक देरी स्वीकार्य नहीं है और संबंधित अधिकारी निर्धारित अवधि के भीतर तथ्यों सहित अपनी रिपोर्ट सरकार को उपलब्ध कराएं।

---

## न्यूज डायरी



### स्विमिंग पूल का नवीनीकरण कार्य शुरू

कैथल आरकेएस डी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अत्याधुनिक स्विमिंग पूल के नवीनीकरण रूप का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष अश्विनी शोरेवाला, सतीश बंसल, अनिल शोरेवाला, साकेत मंगल, महेश मंगल , श्याम बंसल, पंकज बंसल, अशोक मंगल, सुनील चौधरी, सरल शांत मंगल,फार्मेसी कॉलेज प्रधान नवनीत गोयल तथा शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत पूजा अर्चना के साथ स्विमिंग पूल का विधिवत उद्घाटन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अश्विनी शोरे वाला जी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल

### युवा शक्ति के सदस्यों ने लगाया विशाल भंडारा

**सीवन।** नगर के कैथल-पटियाला मुख्य मार्ग पर रविवार को युवा शक्ति संगठन के सदस्यों की ओर से विशाल कढ़ी-चावल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत हवन के साथ हुआ, जिसमें सभी सदस्यों ने आहुति अर्पित कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति, भाईचारे और जनकल्याण की कामना की। हवन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आने-जाने वाले राहगीरों, वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों को श्रद्धापूर्वक कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। सेवादारों ने मुख्य मार्ग से गुजर रहे वाहनों को विनम्रतापूर्वक रोककर लोगों को प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया। बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। पूरे आयोजन के दौरान युवा शक्ति के सदस्यों में सेवा का उत्साह देखते ही बन रहा था। सभी स्वयंसेवक पूरे अनुशासन और समर्पण के साथ प्रसाद वितरण एवं अन्य व्यवस्थाओं में जुटे रहे।





### एकजुटता से मजबूत होगा महासंघ : राजन

**सीवन।** सामाजिक चिकित्सा महासंघ, ब्लॉक सीवन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला महासचिव राजन सिंगला, जिला उपाध्यक्ष जगतार सिंह तथा कुलदीप विर्क ने संगठन की गतिविधियों, चिकित्सा संघ के सदस्यों की जिम्मेदारियों एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा की। राजन सिंगला ने कहा कि संगठन के सभी सदस्यों की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव से कार्य करने पर ही संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। जगतार सिंह एवं कुलदीप विर्क ने कहा कि चिकित्सा संघ के प्रत्येक सदस्य को विभागीय दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए सुरक्षित कार्य प्रणाली अपनानी चाहिए। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने तथा आपसी समन्वय बढ़ाने पर विशेष बल दिया। बैठक में संगठन के विस्तार, सदस्यों के हितों एवं आगामी गतिविधियों पर भी विचार-विमर्श किया गया।



### ननकाना साहिब गुरुद्वारे में किया पौधरोपण

**पूंडरी।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को पूंडरी के हाबड़ी रोड स्थित ननकाना साहिब गुरुद्वारे में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हलका विधायक सतपाल जांबा ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान यादवेंद्र चट्ठा ने की। इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पेड़-पौधे हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं तथा प्रदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है। यदि हर व्यक्ति अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाए और उसका संरक्षण करे तो प्रदेश को हराभरा बनाने का सपना साकार हो सकता है।

### नीट में मानसी कुंडू ने हासिल की सफलता

**जींद।** भूरान गांव निवासी मानसी कुंडू ने नीट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 720 में से 603 अंक हासिल किए हैं। मानसी ने ऑल इंडिया रैंक 8978 प्राप्त की है, जबकि कैटेगरी रैंक 3785 रही है। उनकी इस सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। मानसी कुंडू पिछले तीन वर्षों से नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी। उन्होंने बताया कि वह रोजाना करीब 10 घंटे पढ़ाई करती थी। शुरुआत में दो साल घर पर रह कर तैयारी की और एक साल बाहर से कोचिंग ली। मानसी का कहना है कि नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत और निरंतर लगन जरूरी है। उन्होंने कहा कि टाइम खराब करने के लिए टाइम नही है।



## खबर संक्षेप



### जींद, सोनीपत ने हुड्डा का बेटे को सीएम बनाने का सपना तोड़ाः कर्ण प्रताप

**उचाना।** खरकभूरा गांव में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कर्ण प्रताप सिंह रविवार को सौरभ अत्री के निवास पर पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कर्ण प्रताप सिंह ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जींद की धरती से सोनीपत के लिए हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र को बड़ी सौगात दी। उन्होंने दावा किया कि सोनीपत जिले की छह विधानसभा सीटों में से पांच और जींद जिले की पांच सीटों में से चार पर भाजपा की जीत के कारण ही यह सौगात क्षेत्र को मिली। उन्होंने कहा कि जनता ने इसी क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के सपने को भी तोड़ दिया।



### कल दिल्ली किसान घाट पर महापंचायत में होगा आंदोलन का ऐलान

**ढांड।** भारतीय किसान यूनियन की महत्वपूर्ण बैठक ढांड बस स्टैंड स्थित कार्यालय में जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम किस एडवोकेट ने विशेष तौर से भाग लिया। और 21 जुलाई को देश बचाओ मोर्चा के आह्वान पर पूरे देश के किसान दिल्ली किसान घाट पर राष्ट्र स्तरीय किसान महा पंचायत का आयोजन कर इस ट्रेड डील को रद्द करवाने का ऐलान करेंगे। उन्होंने कहा कि इस ट्रेड डील को रद्द करवाने के लिए पूरे देश से किसान हजारों की संख्या में दिल्ली मे इकट्ठे होकर सरकार के साथ आर पार की लड़ाई का ऐलान करेंगे।

### पुलिस में नौकरी दिलाने का झांसा देकर हजारों ठगे

**कैथल।** गांव सजूमा की एक युवती को पुलिस विभाग में डीसी रेट पर नौकरी दिलाने का झांसा दे वाटर कैरियर ने 15 हजार 700 रुपए की ठगी कर ली। युवती की शिकायत पर कलायत थाना पुलिस ने वाटर कैरियर के पद पर कार्यरत कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। एसपी कार्यालय में दी शिकायत में गांव सजूमा निवासी कोमल ने बताया कि उसने 12वीं के साथ नर्सिंग केयर का कोर्स किया है।

### छात्रों की गूंज अब देशभर के युवाओं की आवाज़

**नरवाना।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा आयोजित छात्रों की गूंज-छात्र संवाद कार्यक्रम में सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि आज देशभर के छात्र रोजगार, शिक्षा और परीक्षा प्रणाली से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर अपनी आवाज़ बुलंद कर रहे हैं।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे व परीक्षाओं में पारदर्शिता की मांग

# सोनम वांगचुक को धरने से जबरन उठाने पर लोगों ने किया प्रदर्शन




जींद। मांगों को लेकर रानी तालाब पर प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ता। *फोटोः हरिभूमि*

- प्रदर्शन का नेतृत्व जन संघर्ष मोर्चा हरियाणा राज्य कमेटी सदस्य सुधीर, ज्ञान विज्ञान समिति के जिलाध्यक्ष सोहनदास ने संयुक्त रूप से किया

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

रानी तालाब पर रविवार को अनेकों छात्र संगठनों, सामाजिक संगठनों व आमजन ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को दिल्ली पुलिस द्वारा जबरन उठाए जाने के विरोध में अंबेडकर चौक रानी तालाब पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जन संघर्ष मोर्चा हरियाणा राज्य कमेटी सदस्य सुधीर, ज्ञान विज्ञान समिति के जिलाध्यख सोहनदास ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शन से पहले रानी तालाब पार्क में ही रोष सभा का आयोजन किया गया। सभा में भाजपा सरकार द्वारा जनवादी अधिकारों के दमन की कड़े शब्दों में निंदा की। पेपर लीक व परीक्षाओं में धांधली को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे व परीक्षाओं में पारदर्शिता की मांग को लेकर पिछले 21 दिनों से जंतर-मंतर दिल्ली पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक व अन्य छात्रों को रविवार सुबह-सुबह दिल्ली पुलिस द्वारा जबरन बलपूर्वक उठाया जाना न सिर्फ लोकतांत्रिक हकों पर हमला है बल्कि यह मोदी सरकार की तानाशाही पूर्ण कार्यवाही है।

### पुलिस पर लगाया दमन का आरोप

छात्र नेहा, ज्योति, विशाल, राहुल, समीर आदि ने जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक को जबरन उठाए जाने व प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस दमन का विरोध करते हुए मांग की कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत बर्खास्त किया जाए, सोनम वांगचुक व प्रदर्शनकारी छात्रों की तमाम मांगे तुरंत पूरी की जाएं, शांतिपूर्ण आंदोलन पर पुलिस दमन बंद किया जाए, परीक्षाओं के संचालन में अक्षम एनटीए को तुरंत भंग किया जाए, एनईपी-2020 को निरस्त किया जाए। इस मौके पर कपूर सिंह, रमेश, रविन्द्र शास्त्री, रविन्द्र रानोलिया, पूजन आर्य, तिलक राज मिगलानी, ईश्वर सिंह, अशोक अहिरका, पवन कुमार, असीम, मनीष, सुनील, एडवोकेट सुनील बीबीपुर, संगीता, मीना जावलिया, दर्शना दहिया, राजबाला आदि मौजूद रहे।

### छात्रों में फूट रहा गुस्सा

एसएफआई के राज्यध्यक्ष अक्षय, भारत की नौजवान सभा के जसपाल ने कहा कि एनईपी-2020 नई शिक्षा नीति के जरिये मोदी सरकार युवाओं में वैज्ञानिक चिंतन के सभी रास्ते बंद कर देना चाहती है। वह युवाओं को एक प्रबुद्ध नागरिक बनाने की बजाये पूंजीपतियों के गुलाम मजदूरों में तबदील कर रही है। असल में मोदी सरकार शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलनों से डरती है। 20 जुलाई को संसद मार्च की कॉल, चारों ओर से बढ़ रहे जन समर्थन और शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ छात्रों में बढ़ रहे गुस्से को सरकार पुलिस दमन के जरिये दबाना चाहती है। सामाजिक सद्भावना मंच के रामफल ने कहा कि अगर मोदी सरकार को सोनम वांगचुक की जिंदगी की वास्तव में ही कोई चिंता है तो उनकी न्यायसंगत मांगों को तुरंत मान लिया जाना चाहिए न कि शांतिपूर्ण आंदोलन को जबरन खत्म किया जाए। सोनम वांगचुक व छात्रों की एकदम सटीक और जायज मांग है कि पेपर लीक व धांधलियों के जिम्मेदार केंद्रीय शिक्षा मंत्री को तुरंत हटाया जाए और लाखों छात्रों के भविष्य को अधर में लटकाने के जिम्मेदार व परीक्षा संचालन में नाकाम छज। को तुरंत भंग किया जाए। सुरेन्द्र बैनीवाल ने कहा कि देश की शिक्षा-व्यवस्था को पूरी तरह तबाह करने पर तुली मोदी सरकार एक तरफ विश्वविद्यालयों को बंद करने तो दूसरी ओर विभिन्न परीक्षाओं में छात्रों के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ को जारी रखने के लिए ऐसी हर आवाज को दबा रही है जो इस नाइंसाफी के खिलाफ मुंह खोल रही है या आंदोलन-प्रदर्शन कर रही है।



नरवाना। जन संघर्ष मंच हरियाणा के पदाधिकारी प्रेस को सम्बोधित करते हुए।

## सोनम वांगचुक को जबरन उठाना तानाशाही कार्रवाई : राजेश श्योकंद

- सोनम वांगचुक व अन्य छात्रों को दिल्ली पुलिस द्वारा जबरन उठाए जाने पर निंदा प्रस्ताव पारित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

रविवार को जन संघर्ष मंच हरियाणा, जिला जीन्द कार्यकारिणी की आकस्मिक बैठक मंच कार्यालय नरवाना में हुई। जिसमें पिछले 21 दिनों से जंतर-मंतर दिल्ली पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक व अन्य छात्रों को दिल्ली पुलिस द्वारा जबरन उठाए जाने पर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

इस मौके पर जिला प्रधान राजेश श्योकंद ने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा अनशनकारी साथियों को उठाया जाना न केवल जनतांत्रिक अधिकारों पर हमला है बल्कि यह मोदी व भाजपा सरकार की तानाशाही का स्पष्ट प्रमाण है। मोदी सरकार का यह कदम पूर्णतः गैर-कानूनी व गैर-संवैधानिक है। जिला प्रधान ने भाजपा सरकार के इस कदम की कड़े शब्दों में निंदा की है। बैठक में वित सचिव राजेश कुमार, प्रैस प्रवक्ता बिट्टू, भीष्म, राजेश सुदकैन आदि उपस्थित रहे।

### निंदा की

इस अवसर पर जिला सचिव सत्यवीर सिंह ने कहा कि सोनम वांगचुक को जबरदस्ती उठाना, अभीजीत दीपके व अन्य छात्रों से मारपीट और प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज दर्शाता है कि मोदी सरकार का यह कदम छात्र-नौजवानों के भविष्य को बर्बाद करने वाला फासीवादी कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि एनईपी-2020 के जरिए छात्र-नौजवानों की वैज्ञानिक एवं आलोचनात्मक चिंतन के सभी रास्ते बंद करना चाहती है। जिला उप-प्रधान सुरेश कुमार ने कहा कि सोनम वांगचुक, अभीजीत दीपके व अन्य छात्रों द्वारा पेपर लीक व अन्य धांधलियों के जिम्मेदार केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान को तुरंत हटाए जाने तथा परीक्षा संचालन में नाकाम एनटीए को तुरंत भंग किए जाने की मांग एकदम सटीक एवं जायज है। जन संघर्ष मंच हरियाणा ने मांग की कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान को तुरंत बर्खास्त किया जाए, सोनम वांगचुक व प्रदर्शनकारी छात्रों की तमाम मांगें तुरंत पूरी की जाए, शांतिपूर्वक आंदोलनों पर पुलिस दमन बंद किया जाए, एनटीए को तुरंत भंग किया जाए, एनईपी-2020 को निरस्त किया जाए।

## मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारी कल कैथल में करेंगे जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन (संबंधित सीटू) द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर 21 जुलाई को जिला कैथल के मिनी सचिवालय में जिला स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। यूनियन के जिला प्रधान बीरभान जाखौली ने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी पिछले कई वर्षों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। उन्होंने बताया कि 29 मई को हरियाणा सरकार के साथ यूनियन की वार्ता पानीपत रेस्ट हाउस में करीब चार घंटे तक चली थी, जिसमें 18 मांगों पर सहमति बनी थी। सरकार द्वारा केवल 2100 रुपये वेतन बढ़ोतरी का पत्र जारी किया गया, जबकि यह सहमति बनी थी कि यह बढ़ोतरी हर साल 1 जनवरी से लागू होगी, लेकिन इसे 1 जुलाई से लागू किया गया, जिससे कर्मचारियों में रोष है। यूनियन ने मांग की है कि 6 महीने का बकाया एरियर, जो प्रति कर्मचारी 12,600 रुपये बनता है, तुरंत दिया जाए। इसके अलावा शेष 16 मांगों का नोटिफिकेशन भी तुरंत जारी किया जाए। प्रमुख मांगों में सेवानिवृत्ति पर 5 लाख रुपये, 1000 की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी की भर्ती, साल में एक बार 24,000 रुपये का ब्याज मुक्त लोन, वर्दी व जूते के लिए 8000 रुपये, सामान्य मृत्यु पर 10 लाख रुपये और ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मृत्यु होने पर 30 लाख रुपये का बीमा शामिल है।

### समझौते के बाद भी मांगें पूरी नहींः जाखौली



बीरभान जाखौली ने कहा कि समझौते को दो महीने बीत चुके हैं, लेकिन आज तक सभी मांगों को लागू नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। इसी के चलते 21, 22 और 23 जुलाई को प्रदेश के 23 जिलों में जिला स्तरीय प्रदर्शन किए जाएंगे। कैथल में 21 जुलाई को होने वाले प्रदर्शन में सैकड़ों सफाई कर्मचारी भाग लेंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि समझौते को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए, अन्यथा यूनियन बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।

## पीएम के स्वच्छता आह्वान का नहीं हुआ असर

- ...शहर में लगे कचरे के ढेर
- गोहाना रोड, सफीदों रोड पर फैली गंदगी
- डंपिंग प्वाइंट पर नहीं हो रही समय पर सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



जींद। शहर में लगे कचरे के ढेर। *फोटोः हरिभूमि*

प्रधानमंत्री के जींद आगमन पर उन्होंने मंच से आह्वान किया कि स्वयं सफाई रखें ताकि मोदी को आने की जरूरत ही ना पड़े लेकिन उनके जाते ही शहर के मुख्य मार्ग पर जगह-जगह गंदगी के ढेर नजर आ रहे हैं। ऐसा लग रहा है मानो लोग अपने घरों में कूड़ा जमा कर रहे थे और उन्होंने एकदम ही पूरा कूड़ा उठाकर सड़क पर डाल दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आने से एक सप्ताह पहले से ही सफाई अभियान चल रहा था। सभी सफाई कर्मचारी सफाई में जुटे थे। पहले यह तय था कि प्रधानमंत्री गोहाना रोड से होते हुए रेलवे जंक्शन जाएंगे। इसलिए गोहाना रोड को शीशे की तरह चमकाया गया। इस सड़क मार्ग पर जितनी भी रेहड़ियां थी, सभी को हटवा दिया गया। दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण भी हटवा दिया था। नए बस स्टैंड से लेकर रेलवे जंक्शन तक यह सड़क मार्ग ऐसा नजर आ रहा था मानो इसे चौड़ा कर दिया हो। गंदगी का तो कहीं नामोनिशान तक नहीं था। प्रधानमंत्री के जाते ही रात को ही लोगों ने सड़क पर कूड़े के ढेर लगाने शुरू कर दिए। रेलवे जंक्शन से लेकर लघु सचिवालय के सामने तक पांच जगह कूड़े के ढेर लगे साफ दिखाई दे रहे हैं। इससे साफ है कि जींद के लोग सफाई व्यवस्था में विश्वास नहीं करते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद अपने भाषण में कहा था कि लोगों को डर सता रहा कि यह सफाई प्रधानमंत्री के आने से हो रही है। उन्होंने कहा कि लोग समझदार हो चुके हैं उनके आने की जरूरत नही, यह सफाई रखेंगे लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।

### बोले अधिकारी

नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि जो लोग खुले में कूड़ा फेंकते मिले, उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर परिषद की गाड़ी घर-घर जाकर कूड़ा लेकर आती है। हर किसी को सड़क पर कूड़ा फेंकने की बजाय नगर परिषद की गाड़ी को कूड़ा देना चाहिए। शहर में पूरी सफाई व्यवस्था है। इसे ऐसे ही कायम रखा जाएगा।

## 2009 से पहले नियुक्त अध्यापकों को टेट से राहत और ओपीएस बहाली की मांग



**जींद।** साल 2009 से पूर्व सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को अनिवार्य शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से छूट तथा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने की मांग को लेकर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जींद के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को लोकसभा सांसद सतपाल ब्रह्मचारी को उनके जींद स्थित कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जींद के जिला प्रधान जितेंद्र बैनीवाल और राज्य वाइस चेयरमैन रूपेंद्र गोयत ने संयुक्त रूप से कहा कि वर्ष 2009 से पहले नियुक्त शिक्षकों की भर्ती के समय टीईटी की अनिवार्यता नहीं थीए उस समय की योग्यता के अनुसार सभी शिक्षकों की भर्ती की गई थी। इसलिए अब इतने साल की सर्विस के बाद अनुभवी शिक्षकों से टेट लेना अनुचित है, इसलिए उन्हें इस परीक्षा से छूट दी जानी चाहिए। कोषाध्यक्ष अभिमन्यु रेढू ने मांग कि एनपीएस के तहत कार्यरत कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू करनी चाहिए ताकि रिटायरमेंट के बाद कर्मचारियों का जीवन यापन सही चल सके। इस अवसर पर जींद खंड प्रधान देवीदयाल चहल, राजेश चहल, योगेंद्र शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## छात्र परिषद सदस्यों ने पदग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭सीवन

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सीवन में विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व की भावना एवं श्रेष्ठ संस्कारों के विकास के उद्देश्य से छात्र परिषद के पदग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को उनके पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कुणाल जगत ने विद्यालय के हेड बॉय तथा अरपनदीप कौर ने हेड गर्ल के रूप में पदभार ग्रहण किया। विद्यालय प्रशासन ने दोनों विद्यार्थियों सहित छात्र परिषद के सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका सीवन के पार्षद संजय कंसल रहे।प्रधानाचार्य रूपेंद्र वालिया ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन एवं भारतीय संस्कारों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल शैक्षणिक सफलता प्राप्त करना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों का विकास तथा जिम्मेदार नागरिक बनना भी है। उन्होंने छात्र परिषद के सभी सदस्यों से निष्पक्षता, समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि नवगठित छात्र परिषद विद्यालय में अनुशासन, नेतृत्व एवं सकारात्मक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



सीवन। सीवन के डीएवी स्कूल में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्य। *फोटोः हरिभूमि*

## जींद का मिजाज बदला, भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा हर वर्ग : देवेंद्र अत्री



**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री रविवार को करसिंधु सहित विभिन्न गांवों में कार्यकर्ताओं के घर पहुंचे और उनके सुख-दुख में शामिल हुए। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जींद को कभी इनेलो और कांग्रेस का गढ़ कहा जाता था, लेकिन लोकतंत्र में कोई भी क्षेत्र किसी दल का स्थायी गढ़ नहीं होता। जनता ही सर्वोपरि होती है और वही अपना निर्णय देती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में भाजपा पहली बार हरियाणा में सत्ता में आई। तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में क्षेत्रवाद, परिवारवाद और नौकरियों में सिफारिश की राजनीति को समाप्त कर पारदर्शी व्यवस्था लागू की गई। इसी कार्यशैली पर विश्वास जताते हुए प्रदेश की जनता ने वर्ष 2019 में भी भाजपा को सत्ता सौंपी। विधायक अत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपनी कार्यशैली और जनहितैषी फैसलों के कारण प्रदेश के सबसे लोकप्रिय नेताओं में शामिल हो चुके हैं।

## श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम व खाटू श्याम धाम के दर्शनों के लिए रवाना हुए श्रद्धालु

**कैथल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा समिति कैथल ने रवाना की 72 वीं दो दिवसीय निशुल्क बस यात्रा श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा समिति कैथल की ओर से श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम व खाटू श्याम धाम के दर्शनों हेतु दो दिवसीय 72 वीं निशुल्क बस यात्रा को संस्था के सदस्य एवं प्रमुख समाजसेवी रमेश सचदेवा ने नारियल फोड़कर वह सदस्य रजत बंसल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर समिति के चेयरमैन प्रीति पाल बंसल, सुभाष सिंगवाल, कृष्ण सिंगल, मोहन गर्ग ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक कार्य एवं यात्रा से समाज में भाईचारा एवं धार्मिक आस्था बढ़ने के साथ-साथ समाज में प्रेम एवं सेवा भाव से रहने की भावना भी जागृत होती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**परेशानी** स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था पर उठ रहे सवाल, मरीज जगह-जगह काट रहे चक्कर

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के आदेश पर भी नहीं हुई अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट की व्यवस्था

नागरिक अस्पताल में निरीक्षण पर मिली खामियां

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मानिटर बालकृष्ण गोयल के आदेश के बावजूद नागरिक अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट की व्यवस्था नहीं हो पाई है। हालांकि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाएं बढ़ी हुई थी। ऐसे में मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए निजी अस्पतालों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। इससे उनका समय और धन दोनों ज्यादा खर्च होते हैं। गोयल के आदेश पर नागरिक अस्पताल के वार्डों में कूलर जरूर लगे हैं। रेडियोलाजिस्ट की व्यवस्था नहीं होने आयोग के मानव अधिकारों का उल्लंघन बताया था। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मानिटर बालकृष्ण गोयल ने एक जुलाई को नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया था। इस दौरान उनको कुछ कमियां मिली हैं। पीने का पानी साफ नही था, वार्डों में जो मरीज दाखिल थे, उनके लिए कूलर की व्यवस्था नहीं थी। इसके अलावा अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन तो थी लेकिन रेडियोलाजिस्ट की व्यवस्था नहीं थी। ऐसे में बालकृष्ण गोयल ने अस्पताल प्रशासन को वार्डों में दाखिल मरीजों के लिए कूलर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक से बातचीत करके तुरंत रेडियोलाजिस्ट की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए थे। स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक ने जल्द ही व्यवस्था करने का आश्वासन भी दिया था। अब 20 दिन बाद भी नागरिक अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट की व्यवस्था नहीं हो पाई है।



जींद। अस्तपताल में लगाए गए कूलर। *फोटोः हरिभूमि*

### निजी अस्पतालों में करवाने पड़ रहे अल्ट्रासाउंड

नागरिक अस्पताल में आए मरीज को यदि अल्ट्रासाउंड करवाना है तो उनको निजी अस्पतालों में भेजा जाता है। ऐसे में मरीजों का समय और धन दोनों खराब होते हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों से अनुबंध किया हुआ हैए लेकिन यह भी पर्याप्त नहीं है। एक दिन में सीमित संख्या में ही निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड करते हैं। ऐसे में महिलाओं को भी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नहीं होने से परेशानी होती है। स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक डा. ब्रह्मदीप ने बताया कि रेडियालाजिस्ट की व्यवस्था के लिए डेपुटेशन पर जल्द ही नागरिक अस्पताल में चिकित्सक भेजा जाएगा।